# बटन बैटरी-युक्त उपभोक्ता वस्तुओं के लिए उद्योग के दिशा-निर्देश समझना

मई 2019

**बटन बैटरी-युक्त उपभोक्ता वस्तुओं के लिए उद्योग के स्वैच्छिक दिशा-निर्देश (दिशा-निर्देश) [Industry Guideline for Consumer Goods that Contain Button Batteries (Guideline)] इसलिए बनाए गए थे ताकि बटन बैटरियों या बटन बैटरियों से चलने वाले उपकरणों की खरीद, डिज़ाइन, विकास या खुदरा बिक्री करते समय बटन बैटरियों की सुरक्षा के बारे में जिम्मेदारीपूर्ण निर्णय लेने में आपूर्तिकर्ताओं (यानि निर्माताओं, वितरकों, आयातकों, खुदरा विक्रेताओं और ऑनलाइन आपूर्तिकर्ताओं) को सहायता मिल सके।**

यह दिशा-निर्देश बच्चों के बटन बैटरियों के साथ संपर्क को कम करने के लिए प्रभावी उपायों के प्रति लक्षित है। इस तथ्यपत्रक में दिशा-निर्देश में पहचाने गए प्रमुख मुद्दों का एक सारांश उपलब्ध कराया गया है।

## मुद्दा

बटन बैटरियों का प्रयोग अनेकानेक उपभोक्ता उत्पादों में किया जाता है, जिनमें टीवी के रिमोट कंट्रोल, कैमरे, घड़ियाँ, कैलकुलेटर, ग्रीटिंग कार्ड, तराज़ू, टॉर्च और कई अन्य वस्तुएँ शामिल हैं। ये अक्सर खिलौनों, खेलने की सस्ती वस्तुओं, एकबारगी प्रयोग के स्मृतिचिन्हों और एलईडी रोशनियों वाले गैजेटों जैसी बच्चों को आकर्षित करने वाली वस्तुओं में भी लगाई जाती हैं।

अगर बटन बैटरियों को मुँह से निगल लिया जाए तो वे ग्रासनली में फंस सकती हैं जिससे बहुत ज़्यादा चोट लगने के साथ-साथ मृत्यु भी हो सकती है।

बटन बैटरी-युक्त उपभोक्ता उत्पाद सुरक्षित होने चाहिए ताकि छोटे बच्चों को बैटरियों तक पहुँच न मिल सके। जिन उत्पादों में बदलने योग्य बटन बैटरियाँ होती हैं, उनमें यह चेतावनी शामिल होनी चाहिए कि बटन बैटरियाँ खतरनाक होती हैं और इससे संबंधित सुरक्षा जानकारी दी जानी चाहिए।

आपूर्तिकर्ताओं को इस दिशा-निर्देश को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि गंभीर चोटों से बचाव करने और जीवन को सुरक्षित रखने में सहायता मिल सके।



बटन बैटरी को निगलने से पैदा होने वाले खतरों के बारे में और अधिक जानकारी वेबसाइट www.productsafety.gov.au/products/electronics-technology/button-batteries पर उपलब्ध है।

## बटन बैटरी के प्रकार

इस पत्रक में सभी चपटे गोलाकर सेलों या बैटरियों को बटन बैटरियाँ माना गया है, चाहे उनका आकार या रासायनिक संरचना कुछ भी हो। इन्हीं बैटरियों के लिए 'कॉइन', 'डिस्क' और 'बटन' सेल या बैटरियों जैसे नाम भी प्रयोग किए जाते हैं।

***सिक्के के आकार की लिथियम बटन बैटरियाँ बच्चों को और अधिक गंभीर क्षति पहुँचाने के लिए जानी जाती हैं और इनसे मृत्यु भी हो सकती है, परंतु बटन बैटरियों तक पहुँच प्राप्त करने वाले बच्चों के लिए सभी बटन बैटरियाँ खतरनाक होती हैं।***

## आपूर्तिकर्ता की जिम्मेदारियाँ

ऑस्ट्रेलियाई उपभोक्ता कानून के तहत आपूर्तिकर्ताओं को उत्पादों या सेवाओं की गुणवत्ता, मूल्य, कीमत, आयु या लाभ अथवा किसी भी संबंधित गारंटी या वॉरंटी के बारे में गलत या भ्रामक दावे नहीं करने चाहिए।

जब कोई व्यापारी उपभोक्ता को वस्तुओं की आपूर्ति करता है, तो ऑस्ट्रेलियाई उपभोक्ता कानून इसके लिए उपभोक्ता गारंटी प्रदान करता है। ये गारंटियाँ वैधानिक होती हैं, और इनमें यह शामिल होता है कि जिन उत्पादों की आपूर्ति की गई है, वे स्वीकार्य गुणवत्ता के हैं और सुरक्षित हैं। यदि किसी उपभोक्ता को अस्वीकार्य गुणवत्ता वाले या असुरक्षित उत्पाद की आपूर्ति की गई है, तो वह आपूर्तिकर्ता के समक्ष अपने अधिकारों को ज़ोर देकर जता सकता है और उस व्यापारी से समाधान का निवेदन कर सकता है जिसने इस उत्पाद की आपूर्ति की है।

आपूर्तिकर्ता जिन उत्पादों की आपूर्ति करते हैं, उनके बारे में उन्हें सुरक्षा से संबंधित उपभोक्ता प्रतिक्रियाओं की निगरानी और जाँच करनी चाहिए, और जहाँ आवश्यक हो उपयुक्त सुधारात्मक कार्यवाही करनी चाहिए। यदि कोई आपूर्तिकर्ता किसी ऐसे उत्पाद से संबद्ध चोट, रोग या मृत्यु से अवगत होता है जिसकी आपूर्ति उसने की थी, तो रिपोर्ट प्राप्त होने के दो दिनों के अंदर ऑस्ट्रेलियाई प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता आयोग (एसीसीसी) [Australian Competition and Consumer Commission (ACCC)] के पास घटना की रिपोर्ट करना आवश्यक हो सकता है।

उपभोक्ता को लगी चोटों और उसकी मृत्यु की अनिवार्य रिपोर्टिंग के बारे में और अधिक जानकारी एसीसीसी की उत्पाद सुरक्षा ऑस्ट्रेलिया (Product Safety Australia) वेबसाइट www.productsafety.gov.au/product-safety-laws/legislation/mandatory-reporting पर उपलब्ध है।

## उद्योग के दिशा-निर्देश को पूरा करने के लिए अनिवार्य आवश्यकताएँ


उद्योग के इस दिशा-निर्देश को पूरा करने के लिए जिन उपभोक्ता उत्पादों (रिमोट कंट्रोल जैसे सहायक उपकरण और साथ में दी गई अतिरिक्त बैटरियों सहित) के लिए बदली जाने वाली एक या एक से अधिक बटन बैटरियों की आवश्यकता होती है और इस प्रकार के जो उत्पाद सामान्य उपयोग के तहत छोटे बच्चों की पहुँच के अंदर या यथोचित रूप से उनके द्वारा संभावित दुरुपयोग किए जाने के लिए उपलब्ध होते हैं, उनमें:

एक बैटरी कम्पार्टमेंट (या उन्हें ढके रखने के लिए कोई और व्यवस्था) होना आवश्यक है, जो निम्नलिखित सभी शर्तों के अनुरूप छोटे बच्चों की बैटरी तक पहुँच को रोक सके:

a. बैटरियों तक पहुँच हासिल करने के लिए किसी औजार का प्रयोग करने अथवा दो या दो से अधिक स्वतंत्र और एक-साथ किए जाने वाले कार्यों की आवश्यकता हो; तथा
b. बैटरी तक पहुँच को सीमित करने वाले उपकरणों को फिर से आसानी से लगाया जा सके और ऐसा करने से सुरक्षा के स्तर में कोई कमी न हो; तथा
c. बैटरी तक पहुँच को सीमित करने वाले उपकरण टिकाऊ हों, ताकि कई बार उपयोग किए जाने के बाद भी वे टूटें नहीं या निष्क्रिय न बनें; तथा
d. कम्पार्टमेंट को इस प्रकार से डिज़ाइन और निर्मित किया जाए ताकि उपलब्ध कराए गए उत्पाद और बदली जाने वाली बैटरियों की पैकेजिंग सामान्य उपयोग के तहत छोटे बच्चों की पहुँच के अंदर या यथोचित रूप से उनके द्वारा संभावित दुरुपयोग किए जाने के लिए उपलब्ध न हों

और:

e. जब उत्पाद को बिक्री के लिए प्रदर्शित किया जाता है (ऑनलाइन बिक्री समेत), तो इस विषय पर जानकारी उपलब्ध हो कि उत्पाद (या इसमें शामिल किसी भी सहायक उपकरण) के संचालन के लिए बटन बैटरियाँ आवश्यक हैं और ये छोटे बच्चों के लिए खतरनाक होती हैं। इस जानकारी को पैकेजिंग पर या अलग से चिह्नित किया जा सकता है।



जिन बैटरियों को उपभोक्ता द्वारा बदला जाना आवश्यक नहीं होता है, वे उपकरण के सामान्य उपयोग के तहत छोटे बच्चों की पहुँच के अंदर या यथोचित रूप से उनके द्वारा संभावित दुरुपयोग किए जाने के लिए उपलब्ध नहीं होनी चाहिए और ऐसे किसी औजार का प्रयोग किए बिना उन तक पहुँच उपलब्ध नहीं होनी चाहिए, जिसका प्रयोग तकनीशियन द्वारा किया जाता है, उदाहरण के लिए पेंचकस या स्पैनर, लेकिन सिक्का नहीं।

इस दिशा-निर्देश में उल्लेख की गई अनिवार्य आवश्यकताएँ सर्वोत्तम कार्यप्रथा की वर्तमान समझ पर आधारित हैं।

## खतरों को आगे कैसे कम करें

बटन बैटरियों से छोटे बच्चों को नुकसान पहुँचने की संभावना को आगे और भी कम करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं को निम्नलिखित बातों पर विचार करना चाहिएः

- क्या बटन या सिक्के के आकार की लिथियम बैटरियों वाले उत्पादों की आपूर्ति करना आवश्यक है
- क्या उत्पादों को इस तरह की किसी बैटरी से पावर दी जा सकती है जिससे बटन बैटरियों के जैसे खतरे पैदा नहीं होते हैं
- मौजूदा उत्पादों की समीक्षाएँ करना और इस दिशा-निर्देश को पूरा न करने वाली वस्तुओं को हटाना
- केवल इस दिशा-निर्देश को पूरा करने वाली बटन बैटरियों और इन बटन बैटरियों से युक्त उत्पादों की आपूर्ति करना
- स्टोर में जिस ऊँचाई पर बटन बैटरियों और बटन बैटरियों वाले उत्पादों को प्रदर्शित किया जाता है, उसकी समीक्षा करना ताकि उन तक छोटे बच्चों की पहुँच कम हो सके
- बैटरियों के ऐसे ब्रांडों का चयन करना, जिनकी आपूर्ति ऐसी पैकेजिंग में की जाती है जिसे बच्चे खोल नहीं सकते हैं और जिसपर छोटे बच्चों के लिए खतरों के प्रति सचेत करने हेतु उपभोक्ताओं के लिए चेतावनी दी गई हो
- बटन बैटरी वाले उत्पादों की पैकेजिंग या निर्देशों को ऐसी चेतावनी के साथ चिह्नित किया जाना, जिसमें छोटे बच्चों द्वारा इन्हें निगले जाने या अंदर डाले जाने के खतरों के प्रति उपभोक्ताओं को सचेत किया जाए
- स्टोर में चेतावनी उपलब्ध कराके उपभोक्ताओं को बटन बैटरियों के खतरों के प्रति सचेत करना।

## और अधिक जानकारी

दिशा-निर्देश का संपूर्ण अंग्रेज़ी संस्करण इस वेबसाइट पर उपलब्ध हैः www.productsafety.gov.au/publication/industry-code-for-consumer-goods-that-contain-button-batteries

दिशा-निर्देश में चेतावनी और पैकेजिंग के साथ-साथ संबंधित सुरक्षा मानकों की सूची में उपयोग किए जाने के लिए उपयुक्त कथन और चिह्न शामिल हैं।

उत्पादों को जिम्मेदार स्रोत से मंगाने और उपभोक्ता उत्पादों का परीक्षण करने के बारे में और अधिक जानकारी यहाँ उपलब्ध है:

- उत्पादों को जिम्मेदार स्रोत से मंगाना www.productsafety.gov.au/product-safety-laws/compliance-surveillance/responsible-sourcing-of-products
- उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पाद परीक्षण करना www.productsafety.gov.au/product-safety-laws/compliance-surveillance/product-testing

© Australian Competition and Consumer Commission 2019 under a Creative Commons Attribution 3.0 Australia licence.
ACCC 6/19_1564 www.accc.gov.au